**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

अध्यक्ष / सचिव,
सत्र 2024–25 हेतु नवस्थापित,
डी0फार्मा0 पाठ्यक्रम हेतु आवेदित संस्थान।

**पत्रांकः प्राशिप / परिषद / 2024 /** 8029 **लखनऊः दिनांकः** 04-11-2024

**विषयः सत्र 2024–25 के लिए डी0फार्मा0 पाठ्यक्रम हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन किये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया, परिषद कार्यालय के पत्र सं0: प्राशिप / परिषद / 2024 / 7777, दिनांकः 16.10.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा ऐसी संस्थान जिन्हें सत्र 2024–25 हेतु डी0फार्मा पाठ्यक्रम हेतु एन0ओ0सी0 प्रदान की गयी है एवं फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा उन्हें सत्र 2024–25 हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया गया हो, ऐसे संस्थानों से परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में यू–राईज पोर्टल के माध्यम से दिनांकः 30–10–2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिये गये थे, परन्तु अधिकांश संस्थाओं द्वारा अभी तक यू–राईज पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन नहीं किया जा सका है।

अतः संस्थाओं द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में पुनः परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु नवस्थापित डी0फार्मा0 पाठ्यक्रम हेतु संस्थाओं का यू–राईज पोर्टल के माध्यम से दिनांकः 04–11–2024 से 30–11–2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

सूच्य है कि एन0ओ0सी0 आवेदन हेतु पूर्व में प्रदत्त यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से ही आवेदन किया जा सकेगा। आवेदन किये जाने की पूर्ण प्रक्रिया पत्र के साथ संलग्न है। प्रक्रिया का भलीभांति अवलोकन करते हुए यू–राईज पोर्टल के माध्यम से निर्धारित समयावधि के अंर्तगत आवेदन करना सुनिश्चित करें। इस हेतु कोई भी ऑफलाइन आवेदन / हार्डकापी परिषद कार्यालय में स्वीकार्य नहीं की जाएगी एवं न ही उस पर विचार किया जाएगा।

संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किये गये आवेदन के उपरांत पूर्व में निर्गत शासनादेश संख्याः 2 / 2024 / आई465018 / 2024 / 16–3099 / 156 / 2019, दिनांकः 05 जनवरी, 2024 में निहित प्राविधानानुसार संस्थाओं का भौतिक सत्यापन कर सम्बद्धता हेतु अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

04/11/24
(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उप सचिव / कृते सचिव

**पृ0सं0: प्राशिप / परिषद / 2024 /** 8030-33 **तद्दिनांकः** 04-11-2024

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0 प्र0 शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के सूचनार्थ।
2. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश कानपुर।
3. निदेशक, आई0आर0डी0टी0, उत्तर प्रदेश कानपुर।

04/11/24
(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उप सचिव / कृते सचिव